अतिक्रमण हटा, सफाई शुरू

अमर उजाला ब्यूरो



सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटवाते एसडीएम सदर।

फतेहपुर। नाला सफाई में बाधक बने सब्जी मंडी के अतिक्रमण को हटवाने के लिए रविवार को एसडीएम की अगुआई में अभियान चलाया गया। इस दौरान विरोध करने वाले इधर उधर नजर आए। अतिक्रमण हटते ही पोकलैंड मशीन से नाला सफाई शुरू करा दी गई।

शहर में नाला नालियों की सफाई कार्य में अतिक्रमण की समस्या गंभीर है। पालिका प्रशासन को इन समस्याओं से परेशान होना पड़ रहा है। सब्जी मंडी में आढ़तियों के विरोध के चलते नाला सफाई कार्य में समस्या हो रही थी। इस पर प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। उप जिलाधिकारी सदर विवेक श्रीवास्तव ने रविवार को सब्जी मंडी पहुंचकर नाले पर अतिक्रमण हटवाया। एसडीएम

एसडीएम के तेवर देख अतिक्रमणकारियों में खलबली

पोकलैंड मशीन से शुरू हुई नाले की सफाई

के निर्देश पर मंडी की दुकानें हटाई गई जिससे पोकलैंड मशीन से नाले की सफाई शुरू हो सकी। बता दें कि सब्जी मंडी आईटीआई रोड पर अनिल सिंह विधायक की कोठी से लेकर गढ़ीवा मदारीपुर तक नाला की सफाई होनी है। सब्जी मंडी के पास अतिक्रमण से सफाई कार्य में दिक्कत हो रही थी। एसडीएम के टीम के साथ पहुंचने पर सब्जी मंडी में अफरातफरी मच गई। एसडीएम का सख्त रुख देख विरोध करने वाले पीछे हट गए और पालिका प्रशासन का काम हो गया।